Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for renovation of Sone canal system.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा): बिहार राज्य का भोजपुर, औरंगाबाद, जहानाबाद, गया, नवादा, रोहताश, कैमूर और पटना जिले का पालीगंज अनुमंडल एम.सी.सी. व अन्य उग्रवादी असामाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहे हैं क्योंकि यहां के युवकों की रोटी-रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। फलस्वरूप शिक्षित बेराजगार नौजवान इन उग्रवादी संगठनों से जुड़ते जा रहे हैं। मध्य बिहार के ये इलाके कृि प्रधान क्षेत्र होने पर भी यहां सिंचाई की सवा सौ र्वा पुरानी सोन नहरें सिंचाई के लिए व्यर्थ साबित हो रही हैं। यहां खेती घाटे का धंधा बन गई है। फलतः नौजवान रोजी-रोटी के अभाव में अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। इस इलाके में सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था व छोटे-छोटे उद्योग-धंधों की स्थापना करके उग्रवाद प्रभावित इन युवकों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है।

इसलिए मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त जिलों में उग्रवादी प्रभाव रोकने के लिए सोन नहरों का जीर्णोद्वार (आधुनिकीकरण) किया जाये। सिंचाई की पूर्ण व्यवस्थ की जाए तथा छोटे छोटे उद्योगों की स्थापना की जाए ताकि दिग्भ्रमित युवकों को रोजगार देकर समाज की मुख्य धारा में लिया जा सके व उग्रवाद प्रभाव को समूल नट किया जा सके। इसके लिए राज्य सरकार को समुचित धन उपलब्ध कराया जाये।